संख्या-21/3717/30-3-13-10बी/2013

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 02 दिसम्बर, 2013

विषय- उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अमेठी एवं फर्रूखाबाद के भवन निर्माण हेतु निर्माण एजेन्सी का चयन।

महोदय,

विषयगत प्रकरण के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, अमेठी एवं फर्रूखाबाद का भवन निर्माण कराये जाने हेतु सम्यक् विचारोपरान्त कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उत्तर प्रदेश जल निगम) को निर्माण एजेन्सी/कार्यदायी संस्था नामित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2- कृपया उपरोक्त निर्माण कार्य के मानकीकृत नक्शों तथा अनुमोदित लागत के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या-3064/30-3-13-10बी/2013, दिनॉक 10-10-2013 में निहित निर्देशानुसार स्मार्ट कार्ड कार्यालय सहित उपरोक्त 02 उप सम्भागीय परिवहन कार्यालयों का निर्माण कराने हेतु नामित निर्माण एजेन्सी/कार्यदायी संस्था से आगणन गठित कराकर शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,
ह0
(सजंय कुमार उपाध्याय)
उप सचिव।

संख्या-21/3717(1)/30-3-2013, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि सक्षम प्राधिकारी, कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उत्तर प्रदेश जल निगम)/ कार्यदायी संस्था को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित (द्वारा परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश)।

आज्ञा से,
ह0
(संजय कुमार उपाध्याय)
उप सचिव।